Title: Need to release adequate funds under Prime Minister Gram Sarak Yojana to Churu district, Rajasthan.

श्री राम सिंह कस्वां (चूरू) : अध्यक्ष महोदय, प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना ग्रामीण विकास के लिए महत्वपूर्ण योजना है। राजस्थान प्रान्त विशो रूप से मेरे संसदीय क्षेत्र चुरू की जनता विगत तीन वर्ाों से अकाल की विभीाका से जूझ रहे हैं। इस योजना के तहत मेरे संसदीय क्षेत्र चुरू में ग्रामीण सड़कें स्वीकृत किए जाने से ग्रामों के कस्बों तथा विभिन्न मार्गों से जुड़ने के साथ-साथ अकाल से जूझ रही जनता को रोजगार भी मुहैया हो सकेगा। मेरी गृह तहसील राजगढ़ के ग्राम चुबकिया ताल, कान्द्राण, मानपुरा, डींगली, गागडवास, बास कांजरा, बेवड सरदारपुरा, मुंदीताल, हरयालू कूबड़ी, आच्छापुर तथा तारानगर तहसील के ग्राम झोछड़ा देवगढ़ ढिंगी, कैलाश, जिगसानाताल, भलाऊ टीब्बा आदि गांवों की जनसंख्या एक हजार से काफी ज्यादा है तथा उक्त गांवों की अधिकांश सड़कों पर डब्ल्यू.बी.एम. का कार्य भी किया हुआ है जिस कारण भी इन गांवों की जनता को आवागमन में काफी असुविधा होती है फिर भी इन ग्रामों को अभी तक सड़क मार्ग से नहीं जोड़ा गया है।

अतः जनहित में उपर्युक्त सभी ग्रामों को सड़क मार्ग से जोड़ने हेतु प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना में चुरू जिले हेतु अधिक से अधिक धन उपलब्ध कराया जाए ताकि ग्राम विकास को गति प्रदान किए जाने के साथ-साथ स्थानीय जनता को रोजगार भी उपलब्ध हो सके।